राव इन्द्रजीत सिंह
RAO INDERJIT SINGH



सत्यमेव जयते

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय तथा
राज्य मंत्री संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार
Minister of State (Independent Charge) of the
Ministry of Statistics and Programme Implementation;
MOS (I/C) of the Ministry of Planning and
MOS in the Ministry of Culture
Government of India

## <u>संदेश</u>

**आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।**

14 सितंबर का दिन हमारे लिए गर्व एवं सम्मान का प्रतीक है, क्योंकि इसी दिन 76 वर्ष पूर्व भारत की संविधान सभा ने हिंदी को संघ की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया था। हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान, राष्ट्रीय एकता और गौरव का सशक्त माध्यम है। मैथिली, भोजपुरी, अवधी, ब्रज, राजस्थानी, हरियाणवी जैसी अनेक मातृभाषाओं के समन्वय से बनी हिंदी ने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक सद्भाव, संवाद और राष्ट्रीय एकजुटता को सुदृढ़ किया है। महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक, नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे अनेक महापुरुषों ने हिंदी की स्वीकार्यता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुझे यह बताते हुए विशेष प्रसन्नता हो रही है कि दिनांक 06.08.2026 को आयोजित हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में भी मंत्रालय द्वारा राजभाषा नीति के क्रियान्वयन में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई थी। यह प्रशंसा हम सभी के लिए गर्व का विषय है और आगे और बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरणा का स्रोत है।

इस अवसर पर मैं सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अधीनस्थ कार्यालयों से यह आग्रह करना चाहूंगा कि वे राजभाषा नीति के अनुरूप कार्य करें और अपने समस्त पत्राचार, दस्तावेज़ीकरण एवं आधिकारिक कार्यों में यथासंभव हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दें। हिंदी हमारी पहचान है, हमारी संस्कृति की आत्मा है। यह भाषा देश की विविधता को एक सूत्र में पिरोती है और हमें एकता के भाव से जोड़ती है। हिंदी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि राजभाषा का सम्मान केवल शब्दों में नहीं, बल्कि व्यवहार में होना चाहिए। साथ ही, हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी सभी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो।

**आइए, हम संकल्प लें—हिंदी बोलें, हिंदी अपनाएँ, हिंदी को आगे बढ़ाएँ।**

आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं की सशक्त भूमिका है। इसी भावना के साथ, हिंदी दिवस पर सभी को पुनः हार्दिक शुभकामनाएँ।

**(इन्द्रजीत सिंह)**

नई दिल्ली
सितम्बर, 2026

101, Khurshid Lal Bhawan, Janpath, New Delhi-110001
Tel. : 011-23340739,23340884, 23367245, E-mail : minister.spi@nic.in
Residence : 6, Lodhi Estate, New Delhi - 110003
Tele : 011-24643265, 24643266